1. "इंडिया एनर्जी आउटलुक रिपोर्ट 2021" को जारी किया गया
(1) नीति आयोग द्वारा
(2) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा
(3) अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा
(4) ऊर्जा मंत्रालय द्वारा

2. बहुचर्चित कृषि विधेयक (2020) भारतीय संसद में किसने पेश किया ?
(1) नरेन्द्रसिंह तोमर
(2) नरेन्द्र मोदी
(3) धर्मेन्द्र प्रधान
(4) सुरिन्दरजीत सिंह अहलुवालिया

3. निम्न में से कौन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे ?
(1) के. करुणाकरण
(2) ई. श्रीधरन
(3) के. कस्तुरीरंगन
(4) के. कुमारामंगलम्

4. भारोत्तोलक मीराबाई चानु किस भारतीय राज्य से हैं ?
(1) त्रिपुरा
(2) मणिपुर
(3) अरुणाचल प्रदेश
(4) असम

5. मार्च, 2021 में बंद किया गया तालचर थर्मल पॉवर प्लान्ट अवस्थित है –
(1) केरल में
(2) कर्नाटक में
(3) तमिलनाडु में
(4) ओडिशा में

6. भारत के 24वें मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं ?
(1) सुशील चन्द्रा
(2) सुनील अरोड़ा
(3) ओम प्रकाश रावत
(4) नसीम जैदी

1. The "India Energy Outlook Report 2021" is released by –
(1) NITI Aayog
(2) Ministry of New and Renewable Energy
(3) International Energy Agency
(4) Ministry of Power

2. Who introduced the much talked about Farm Bill (2020) in the Indian Parliament ?
(1) Narendra Singh Tomar
(2) Narendra Modi
(3) Dharmendra Pradhan
(4) Surinderjeet Singh Ahluwalia

3. Who among the following was Chairman of the committee that drafted the National Education Policy-2020 ?
(1) K. Karunakaran
(2) E. Sreedharan
(3) K. Kasturirangan
(4) K. Kumaramangalam

4. Weight-lifter Mirabai Chanu belongs to which Indian State ?
(1) Tripura
(2) Manipur
(3) Arunachal Pradesh
(4) Assam

5. Talcher Thermal Power Plant decommissioned in March, 2021 is located in
(1) Kerala
(2) Karnataka
(3) Tamil Nadu
(4) Odisha

6. Who is the 24th Chief Election Commissioner of India ?
(1) Sushil Chandra
(2) Sunil Arora
(3) Om Prakash Rawat
(4) Nasim Zaidi

7. मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड का मुख्यालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित है :

(1) बाड़मेर में

(2) जोधपुर में

(3) उदयपुर में

(4) पाली में

8. राजस्थान में मुख्यमंत्री कोरोना बाल कल्याण योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

A. योजना के तहत कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चे को ₹ 1 लाख तत्काल सहायता के रूप में दिए जाएँगे ।

B. ऐसे अनाथ बच्चे को 18 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह ₹ 3,500 दिए जाएँगे ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) न तो A, न ही B सत्य है ।

(2) केवल A सत्य है ।

(3) दोनों कथन A तथा B सत्य हैं ।

(4) केवल B सत्य है ।

9. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, राजस्थान में प्रारम्भ की गई

(1) 31 दिसम्बर, 2020 को

(2) 1 मई, 2021 को

(3) 1 फरवरी, 2021 को

(4) 1 मई, 2020 को

10. 'अल-अक्शा मस्जिद' स्थित है –

(1) गाजा पट्टी में

(2) काबुल में

(3) इस्तांबुल में

(4) जेरूसलेम में

7. The Headquarters of Marwar Regional Tribal Development Board is proposed to be established at –

(1) Barmer

(2) Jodhpur

(3) Udaipur

(4) Pali

8. Read the following statements about Mukhyamantri Corona Bal Kalyan Yojana in Rajasthan :

A. Under the scheme, ₹ 1 lakh will be given as an immediate grant to the child who got orphaned due to Covid-19.

B. Such orphaned child will also receive ₹ 3,500 per month till 18 years of age.

Choose the correct option :

(1) Neither A nor B is true.

(2) Only A is true.

(3) Both the statements A & B are true.

(4) Only B is true.

9. Chief Minister Chiranjeevi Health Insurance Scheme in Rajasthan commenced on –

(1) 31st December, 2020

(2) 1st May, 2021

(3) 1st February, 2021

(4) 1st May, 2020

10. The 'Al-Aqsa Mosque' is located at –

(1) Gaza Strip

(2) Kabul

(3) Istanbul

(4) Jerusalem

11. आई.टी. नियम, 2021 में ट्रेसेबिलिटी प्रावधान क्या है ?

(1) एक अद्वितीय डिजिटल पहचान चिह्न जो प्रत्येक डिजिटल यंत्र पर उसकी चोरी रोकने हेतु लगाया जाएगा ।

(2) जी.पी.एस. आधारित व्यवस्था, जो सड़क पर प्रत्येक वाहन को चिह्नित करेगा ।

(3) बेहतर संपदा कर संग्रहण हेतु भूमि एवं स्वामित्व की डिजिटल मैपिंग ।

(4) किसी सूचना के प्रथम निर्गतकर्ता की पहचान प्रदान करने की सोशल मीडिया मंचों की विधिक जिम्मेदारी ।

12. भारत द्वारा टोक्यो ओलम्पिक 2020 में जीते गए पदकों की संख्या है :

(1) छः

(2) सात

(3) पाँच

(4) आठ

13. चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने चाँद की सतह पर मौजूद जिस क्रेटर की तसवीर ली वह है :

(1) रमन्ना क्रेटर

(2) साराभाई क्रेटर

(3) भाभा क्रेटर

(4) कलाम क्रेटर

14. "कोविसेल्फ" क्या है ?

(1) डी.आर.डी.ओ. द्वारा विकसित कोविड-19 रोधी औषधि ।

(2) डॉ. रेड्डीज लेब द्वारा विकसित नई कोविड-19 वैक्सीन ।

(3) कोविड-19 के लिए रेपिड एन्टीजन परीक्षण किट

(4) टीकाकरण के पंजीयन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया पोर्टल ।

11. What is "Traceability Provision" in the IT Rules of 2021 ?

(1) Unique digital identification mark which will be put on each digital device in order to prevent theft.

(2) A GPS based system, which will trace every vehicle on the road.

(3) Digital mapping of land and ownership for better property tax collection.

(4) Social media platform's legal obligation to provide identification of the first originator of any information.

12. Number of medals won by India in Tokyo Olympics 2020 :

(1) Six

(2) Seven

(3) Five

(4) Eight

13. The crater on lunar surface whose images were captured by Chandrayan 2 orbitor :

(1) Ramanna Crater

(2) Sarabhai Crater

(3) Bhabha Crater

(4) Kalam Crater

14. What is "Coviself" ?

(1) An anti-COVID-19 drug developed by DRDO.

(2) A new COVID-19 vaccine developed by Dr. Reddy's Lab.

(3) A rapid antigen test kit for COVID-19.

(4) The portal created by Union Government for the registration of vaccination.

15. "अटपटी पगड़ी" चित्रकला की किस शैली से संबंधित है ?
(1) मेवाड़
(2) बूँदी
(3) आमेर
(4) कोटा

16. जोती हुई कृषि भूमि का साक्ष्य प्राप्त हुआ है –
(1) बनवाली से
(2) कालीबंगा से
(3) हड़प्पा से
(4) मोहनजोदड़ो से

17. मानगढ़ नरसंहार किस वर्ष में हुआ ?
(1) 1913 ई.
(2) 1911 ई.
(3) 1914 ई.
(4) 1912 ई.

18. "वेदों की ओर चलो" का नारा दिया था –
(1) स्वामी श्रद्धानन्द
(2) स्वामी विवेकानन्द
(3) रामकृष्ण परमहंस
(4) स्वामी दयानन्द सरस्वती

19. 'बणी-ठणी' चित्र किस शैली का है ?
(1) बीकानेर
(2) मेवाड़
(3) किशनगढ़
(4) बूँदी

20. मारवाड़ से निष्कासन के बाद दुर्गादास को मेवाड़ राज्य में क्या पद दिया गया ?
(1) प्रधान
(2) सेनापति
(3) मनसबदार
(4) हाकिम

15. "Atpati Pagri" is related with which school of painting ?
(1) Mewar
(2) Bundi
(3) Amer
(4) Kotah

16. Evidence of ploughed field has been found at –
(1) Banwali
(2) Kalibanga
(3) Harappa
(4) Mohanjodaro

17. The Mangarh massacre took place in the year
(1) 1913 A.D.
(2) 1911 A.D.
(3) 1914 A.D.
(4) 1912 A.D.

18. The slogan "Back to the Vedas" was given by –
(1) Swami Shraddhanand
(2) Swami Vivekanand
(3) Ramkrishna Paramhans
(4) Swami Dayanand Saraswati

19. In which style 'Bani-Thani' painting is ?
(1) Bikaner
(2) Mewar
(3) Kishangarh
(4) Bundi

20. After exile from Marwar which post was given to Durgadass in Mewar ?
(1) Pradhan
(2) Senapati
(3) Mansabdar
(4) Hakim

21. राजस्थान में लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है ?
(1) जयनारायण व्यास
(2) मोहनलाल सुखाड़िया
(3) हरिदेव जोशी
(4) हीरालाल शास्त्री

22. आधुनिक भारत के पिता के नाम से कौन जाना जाता है ?
(1) केशवचन्द्र सेन
(2) महर्षि देवेन्द्रनाथ टैगोर
(3) राजा राममोहन राय
(4) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर

23. "कजली तीज" का त्यौहार किस तिथि को मनाया जाता है ?
(1) श्रावण शुक्ल तृतीया
(2) भाद्रपद कृष्ण तृतीया
(3) चैत्र शुक्ल तृतीया
(4) आषाढ़ कृष्ण तृतीया

24. किस दुर्ग को अबुल फज़ल ने बख्तरबंद दुर्ग कहा है ?
(1) मेहरानगढ़
(2) चित्तौड़
(3) रणथम्भौर
(4) कुम्भलगढ़

25. सुभाषचन्द्र बोस ने महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता का संबोधन किया था
(1) 16 जुलाई, 1945 को
(2) 16 जुलाई, 1944 को
(3) 6 जुलाई, 1945 को
(4) 6 जुलाई, 1944 को

26. अग्नि कुण्डों के साक्ष्य मिले हैं
(1) लोथल
(2) मोहनजोदड़ो
(3) कालीबंगा
(4) चन्हूदाड़ो

21. Which leader of Rajasthan is known as "Loknayak" ?
(1) Jai Narayan Vyas
(2) Mohanlal Sukhadiya
(3) Hari Dev Joshi
(4) Heeralal Shastri

22. Who is known as father of Modern India ?
(1) Keshub Chandra Sen
(2) Maharshi Devendra Nath Tagore
(3) Raja Rammohan Roy
(4) Ishwar Chandra Vidyasagar

23. The festival of "Kajali Teej" is celebrated on –
(1) Shravan Shukla tritya
(2) Bhadrapada Krishna tritya
(3) Chaitra Shukla tritya
(4) Asadha Krishna tritya

24. Which fort is called armoured fort by Abul Fazal ?
(1) Mehrangarh
(2) Chittor
(3) Ranthambhore
(4) Kumbhalgarh

25. Subhash Chandra Bose addressed Mahatma Gandhi as Rashtrapita on –
(1) 16th July, 1945
(2) 16th July, 1944
(3) 6th July, 1945
(4) 6th July, 1944

26. Evidence of fire altaras found at –
(1) Lothal
(2) Mohanjodaro
(3) Kalibanga
(4) Chanhudaro

27. आगरा नगर की स्थापना किसने की ?
(1) सिकन्दर लोदी
(2) बहलोल लोदी
(3) महमूद लोदी
(4) इब्राहीम लोदी

28. उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश अधिकांशतः किन अक्षांशों के बीच महाद्वीपों के पश्चिमी भागों में पाये जाते हैं ?
(1) 60° – 75° उत्तर / दक्षिण
(2) 15° – 30° उत्तर / दक्षिण
(3) 75° – 90° उत्तर / दक्षिण
(4) 30° – 60° उत्तर / दक्षिण

29. विश्व का सर्वोच्च पठार कौन सा है ?
(1) टर्की का पठार
(2) भारत का दक्षिण का पठार
(3) तिब्बत का पठार
(4) अरब का पठार

30. निम्न में से कौन सा एक शंकुधारी वन का वृक्ष नहीं है ?
(1) फर
(2) स्प्रूस
(3) महोगनी
(4) लार्च

31. 1734 ई. में आहूत हुरड़ा सम्मेलन की अध्यक्षता की –
(1) दुर्जन साल
(2) सवाई जयसिंह
(3) जगत सिंह
(4) जोरावर सिंह

32. नायनार कौन थे ?
(1) सिक्ख संत
(2) शैव संत
(3) ईसाई संत
(4) वैष्णव संत

27. Who founded the city of Agra ?
(1) Sikandar Lodi
(2) Bahlol Lodi
(3) Mahmood Lodi
(4) Ibrahim Lodi

28. Hot desert regions are found mostly in the western part of the continents between which latitudes ?
(1) 60° – 75° North / South
(2) 15° – 30° North / South
(3) 75° – 90° North / South
(4) 30° – 60° North / South

29. Which is the highest plateau in the world ?
(1) Plateau of Turkey
(2) Deccan Plateau of India
(3) Plateau of Tibet
(4) Arab Plateau

30. Which one of the following is not a tree of coniferous forest ?
(1) Fir
(2) Spruce
(3) Mahogany
(4) Larch

31. The Hurda conference called in 1734 A.D. was presided by
(1) Durjan Sal
(2) Sawai Jai Singh
(3) Jagat Singh
(4) Zorawar Singh

32. Who were Naynar ?
(1) Sikh Saint
(2) Shaiv Saint
(3) Christian Saint
(4) Vaishnav Saint

33. निम्नलिखित में से कौन सी भू-आकृति दर्रा न होकर पहाड़ी शृंखला है ?
(1) पाल घाट
(2) थाल घाट
(3) पश्चिमी घाट
(4) भोर घाट

34. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से कौन सा रबर का उत्पादन नहीं करता है ?
(1) केरल
(2) कर्नाटक
(3) तमिलनाडु
(4) तेलंगाना

35. किस प्रकार के लौह-अयस्क में चुम्बकीय गुण होते हैं ?
(1) लिमोनाइट
(2) मैग्नेटाइट
(3) सिडेराइट
(4) हेमेटाइट

36. कौन सा लौह-इस्पात संयंत्र ब्रिटिश तकनीकी सहायता से लगाया गया था ?
(1) राउरकेला
(2) भिलाई
(3) बोकारो
(4) दुर्गापुर

37. मरमारा सागर _____ के मध्य स्थित है ।
(1) मायरोतन सागर एवं क्रीट सागर
(2) आजोव सागर एवं एजियन सागर
(3) आयोनियन सागर एवं लेवांटाइन सागर
(4) एजियन सागर एवं काला सागर

38. बर्मिंघम प्रसिद्ध है :
(1) विद्युत यन्त्र
(2) सूती वस्त्र उद्योग
(3) एल्युमिनियम उद्योग
(4) लौह एवं इस्पात उद्योग

33. Which of the following landforms is a mountain range rather than a pass ?
(1) Pal Ghat
(2) Thal Ghat
(3) Western Ghat
(4) Bhor Ghat

34. Which one of the following States of India is not producing Rubber ?
(1) Kerala
(2) Karnataka
(3) Tamil Nadu
(4) Telangana

35. Which type of iron ore has magnetic properties ?
(1) Limonite
(2) Magnetite
(3) Siderite
(4) Haemetite

36. Which iron & steel plant was installed with British Technological support ?
(1) Rourkela
(2) Bhilai
(3) Bokaro
(4) Durgapur

37. Sea of Marmara is located in between _____.
(1) Myrtoan sea and Crete sea
(2) Azov sea and Aegean sea
(3) Ionian sea and Levantine sea
(4) Aegean sea and Black sea

38. Birmingham is famous for :
(1) Electric Equipments
(2) Cotton Textile Industry
(3) Aluminium Industry
(4) Iron & Steel Industry

39. सोम-कमला-अंबा सिंचाई परियोजना का निर्माण किस जिले के लिए किया गया है ?

(1) डूँगरपुर
(2) उदयपुर
(3) राजसमंद
(4) चित्तौड़गढ़

40. किस खनिज से सीमेंट चादरें, टाइलें, फिल्टर्स, बॉइलर्स तथा अन्य ताप निरोधक वस्तुओं का निर्माण किया जाता है ?

(1) एस्बेस्टॉस
(2) फेल्सपार
(3) वोलेस्टोनाइट
(4) डोलोमाइट

41. गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड ने चुकंदर से चीनी बनाना कब से प्रारम्भ किया था ?

(1) 1963
(2) 1968
(3) 1969
(4) 1967

42. निम्नलिखित में से कौन सी पाइपलाइन केवल गैस का परिवहन करती है ?

(1) हजीरा – बिजयपुर – जगदीशपुर
(2) नाहरकटिया – नूनमति – बरौनी
(3) मुंबई – अंकलेश्वर
(4) सलाया – कोयली – मथुरा

43. मुकन्दरा पहाड़ियाँ स्थित हैं :

(1) अरावली पहाड़ियों में
(2) हाड़ौती पठार में
(3) छप्पन के मैदानों में
(4) भोराट पठार में

39. Som-Kamla-Amba Irrigation project constructed for which district ?

(1) Dungarpur
(2) Udaipur
(3) Rajsamand
(4) Chittorgarh

40. Cement sheets, tiles, filters, boilers and other heat resistant items made from which mineral ?

(1) Asbestos
(2) Felspar
(3) Wollastonite
(4) Dolomite

41. When did the Ganganagar Sugar Mills Limited start making sugar from sugarbeets ?

(1) 1963
(2) 1968
(3) 1969
(4) 1967

42. Which of the following pipeline transports gas only ?

(1) Hazira – Bijaipur – Jagdishpur
(2) Naharkatiya – Noonmati – Barauni
(3) Mumbai – Ankleshwar
(4) Salaya – Koyali – Mathura

43. Mukandra Hills are located in :

(1) Arawali Hills
(2) Hadoti Plateau
(3) Chhappan Plains
(4) Bhorat Plateau

44. सूची–I का सूची–II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I (भारतीय संविधान के प्रावधान)	सूची-II (विदेशी संविधानों से ग्रहण किये)
I. विधि निर्माण की प्रक्रिया	a. फ्रांस का संविधान
II. न्यायिक पुनरवलोकन की शक्ति	b. ब्रिटिश संविधान
III. स्वतंत्रता और समानता के सिद्धांत	c. संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान
IV. अवशिष्ट शक्तियाँ	d. कनाडा का संविधान

कूट :

	I	II	III	IV
(1)	a	b	c	d
(2)	b	c	d	a
(3)	c	d	b	a
(4)	b	c	a	d

45. सोनाड़ी नस्ल की भेड़ें राजस्थान के किस जिले में पाई जाती हैं ?

(1) सिरोही
(2) पाली
(3) उदयपुर
(4) नागौर

46. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के द्वारा केन्द्र में द्वैध शासन की स्थापना की गई ?

(1) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(2) भारत परिषद् अधिनियम, 1891
(3) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(4) भारत परिषद् अधिनियम, 1909

44. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List-I (Provision of Indian Constitution)	List-II (Borrowed from Foreign Constitution)
I. Law making procedure	a. French Constitution
II. Power of judicial review	b. British Constitution
III. Principles of liberty and equality	c. United States of America Constitution
IV. Residual powers	d. Canadian Constitution

Codes :

	I	II	III	IV
(1)	a	b	c	d
(2)	b	c	d	a
(3)	c	d	b	a
(4)	b	c	a	d

45. Sonari breed of sheep is found in which district of Rajasthan ?

(1) Sirohi
(2) Pali
(3) Udaipur
(4) Nagaur

46. By which of the following Act Dyarchy was established in Centre ?

(1) Government of India Act, 1919
(2) Council of India Act, 1891
(3) Government of India Act, 1935
(4) Council of India Act, 1909

47. राज्य सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए अनिवार्य सेवा अधिरोपित कर सकता है । ऐसी सेवा अधिरोपित करने में राज्य निम्नांकित में से किस आधार समूह पर कोई विभेद नहीं कर सकता है ?

(1) मूलवंश, जाति, उद्‌भव, जन्मस्थान

(2) धर्म, मूलवंश, जाति या वर्ग

(3) धर्म, मूलवंश, उद्‌भव, निवास

(4) लिंग, धर्म, मूलवंश या जाति

48. लोक सभा का अध्यक्ष अपना त्यागपत्र किसे सम्बोधित करेगा ?

(1) भारत के उप-राष्ट्रपति को

(2) भारत के राष्ट्रपति को

(3) लोक सभा के उपाध्यक्ष को

(4) भारत के प्रधानमंत्री को

49. राज्यों के किस समूह में द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका है ?

(1) बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गोवा

(2) राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु

(3) राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक

(4) बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक

50. यह कथन किसका है, "मैं आपके इस विचार से सहमत हूँ कि यद्यपि हमारे संविधान में ऐसे उपबन्धों का समावेश भी है जो केन्द्र को ऐसी शक्ति प्रदान कर देते हैं जिनमें प्रान्तों की स्वतंत्रता समाप्त सी हो जाती है, फिर भी यह परिसंघात्मक संविधान है" ?

(1) डॉ. भीमराव अम्बेडकर

(2) प्रो. के.सी. व्हीयर

(3) के.एम. मुन्शी

(4) मोरिस जॉन्स

47. The state can impose compulsory service for public purposes. In imposing such service the state shall not made any discrimination on which of the following grounds ?

(1) Race, caste, descent, place of birth

(2) Religion, race, caste or class

(3) Religion, race, descent, residence

(4) Sex, religion, race or caste

48. To whom will the Lok Sabha Speaker address his resignation ?

(1) Vice-President of India

(2) President of India

(3) Deputy Speaker of Lok Sabha

(4) Prime Minister of India

49. Which group of states have a bicameral legislature ?

(1) Bihar, Uttar Pradesh, Andhra Pradesh, Goa

(2) Rajasthan, Uttar Pradesh, Karnataka, Tamil Nadu

(3) Rajasthan, Maharashtra, Tamil Nadu, Karnataka

(4) Bihar, Maharashtra, Uttar Pradesh, Karnataka

50. Whose statement is "I am agree with your view that although our constitution contains provisions which give such power to the centre in which the independence of the provinces is abolished, yet it is a federal constitution" ?

(1) Dr. Bhim Rao Ambedkar

(2) Prof. K.C. Wheare

(3) K.M. Munshi

(4) Morris Jones

51. राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के सम्बन्ध में उपान्तरण) नियम, 2011 के अन्तर्गत निम्नांकित में से कौन सी परिस्थिति में ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलायी जा सकती है ?

(1) ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 5 प्रतिशत या 50 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर ।

(2) ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 5 प्रतिशत या 25 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर ।

(3) ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 10 प्रतिशत या 50 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर ।

(4) ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 10 प्रतिशत या 25 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर ।

52. भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए प्रस्ताव पारित करते हैं –

(1) प्रत्येक सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा ।

(2) संसद के निम्न सदन के साधारण बहुमत द्वारा ।

(3) प्रत्येक सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा और उस सदन में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत द्वारा ।

(4) संसद के उच्च सदन के दो-तिहाई बहुमत द्वारा ।

51. In which of the following circumstance, special meeting of the Gram Sabha may be convened under Rajasthan Panchayati Raj (Modification of Provisions in their Application to the Scheduled Area) Rules, 2011 ?

(1) On the basis of the written information given to the secretary by atleast 5 percent of total members of Gram Sabha or 50 members, whichever is more.

(2) On the basis of the written information given to the secretary by atleast 5 percent of total members of Gram Sabha or 25 members, whichever is more.

(3) On the basis of the 10 percent of total members of Gram Sabha or 50 members, whichever is more.

(4) On the basis of the written information given to the secretary by atleast 10 percent of total members of Gram Sabha or 25 members, whichever is more.

52. A motion for removal of a judge of the Supreme Court of India has to be passed by :

(1) A majority of the total membership of each House.

(2) A simple majority of the lower House of the Parliament.

(3) A majority of the total membership in each House and by a majority of not less than two-thirds of that House present and voting.

(4) A two-third majority of the upper House of the Parliament.

53. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ?

(1) प्रधानमंत्री

(2) मुख्यमंत्री

(3) राज्यपाल

(4) राष्ट्रपति

54. विशाखा बनाम राजस्थान सरकार प्रकरण में भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी विशाखा गाइडलाइन का सम्बन्ध है

(1) यौन उत्पीड़न को रोकना

(2) बाल अपराध

(3) महिला बेगारी प्रथा

(4) महिला घरेलू हिंसा को रोकना

55. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यकाल कितने वर्ष का है ?

(1) छः वर्ष

(2) पाँच वर्ष

(3) दो वर्ष

(4) तीन वर्ष

56. राजस्थान के किस मुख्यमंत्री की 'कामचलाऊ सरकार' (केयरटेकर गवर्नमेन्ट) के विरुद्ध विधान सभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था ?

(1) मोहनलाल सुखाड़िया

(2) जयनारायण व्यास

(3) हरिदेव जोशी

(4) टीकाराम पालीवाल

53. Who appoints the State Chief Information Commissioner ?

(1) Prime Minister

(2) Chief Minister

(3) Governor

(4) President

54. Vishakha guideline issued by Supreme Court of India in case of Vishaka v/s Rajasthan Govt. relates to

(1) To check sexual harassment

(2) Crime against Children

(3) Woman's forced labour

(4) To check woman domestic atrocities

55. Comptroller and Auditor General of India has term of :

(1) six years

(2) five years

(3) two years

(4) three years

56. A no-confidence motion was moved in the Legislative Assembly against the 'caretaker government' of which of the following Chief Minister of Rajasthan ?

(1) Mohanlal Sukhadia

(2) Jai Narayan Vyas

(3) Hari Dev Joshi

(4) Tika Ram Paliwal

57. राजस्थान लोक सेवा गारन्टी डिलिवरी अधिनियम के सम्बन्ध में क्या सही नहीं है ?

(1) नियत समय सीमा की गणना करते समय अवकाशों को शामिल नहीं किया जायेगा ।

(2) प्रारंभ में अधिनियम में 15 विभागों की 108 सेवाओं को शामिल किया गया ।

(3) प्रथम अपील, द्वितीय अपील तथा पुनरीक्षण आवेदन के साथ फीस देय होगी ।

(4) सरकार ने सेवाएँ प्रदान नहीं करने और उसमें देरी होने पर जुर्माने का प्रावधान किया ।

58. निम्नांकित में से कौन सी राज्यपाल के पद के लिए शर्तें हैं ?

i. वह भारत का नागरिक है ।

ii. वह संसद के किसी सदन का या किसी राज्य के विधानमण्डल के किसी सदन का सदस्य नहीं होगा ।

iii. वह अन्य कोई लाभ का पद धारण नहीं करेगा ।

iv. वह पैंतीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल i, ii और iii

(2) केवल i और iv

(3) i, ii, iii और iv

(4) केवल ii और iii

59. यदि उप-राष्ट्रपति का पद रिक्त है, तो भारत का राष्ट्रपति निम्नांकित में से किसे सम्बोधित करते हुए अपना त्यागपत्र देगा ?

(1) उप-राष्ट्रपति को

(2) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति को

(3) राज्य सभा के उप-सभापति को

(4) लोक सभा के अध्यक्ष को

57. Which is not correct about 'Rajasthan Guaranteed Delivery of Public Services Act' ?

(1) When calculating the deadline, public holidays will not be included.

(2) In the beginning Act covered 108 services of 15 major government departments.

(3) Fees will be payable with first appeal, second appeal and revision requirement.

(4) Government made a provision of the penalty imposed for failing to provide a service or for a delay.

58. Which of the followings are the conditions of the Governor's office ?

i. He is a citizen of India.

ii. He shall not be a member of either House of Parliament or a House of Legislature of any state.

iii. He shall not hold any other office of profit.

iv. He has completed the age of thirty five years.

Choose the correct option :

(1) Only i, ii and iii

(2) Only i and iv

(3) i, ii, iii and iv

(4) Only ii and iii

59. If the office of the Vice-President is vacant, the President of India shall tender his resignation addressing which of the following ?

(1) The Vice-President

(2) The Chief Justice of India

(3) The Deputy Chairman of the Council of States

(4) The Speaker of the House of the People

60. भारत की बारहवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य विषय (theme) क्या था ?
(1) न्याय एवं समानता के साथ वृद्धि
(2) अधिक तीव्र तथा अधिक समावेशी विकास
(3) सतत् विकास
(4) तीव्र, अधिक समावेशी तथा सुस्थिर वृद्धि

61. सामाजिक न्याय सन्तुलन है :
(1) मूल अधिकार एवं न्याय प्रणाली के मध्य
(2) व्यक्तिगत अधिकार एवं सामाजिक नियंत्रण के मध्य
(3) व्यक्ति एवं परिवार के मध्य
(4) समाज एवं व्यक्ति के मध्य

62. भारत सरकार ने एक सुधार पैकेज (आत्मनिर्भर भारत अभियान) की घोषणा की । यह प्रोत्साहन पैकेज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का कितना प्रतिशत था ?
(1) 20 प्रतिशत
(2) 5 प्रतिशत
(3) 25 प्रतिशत
(4) 10 प्रतिशत

63. सार्वजनिक आवश्यकताएँ जो उपभोक्ताओं की वरीयता के आधार पर संतुष्ट होती हैं, कहलाती हैं :
(1) सामाजिक आवश्यकताएँ
(2) मेरिट आवश्यकताएँ
(3) उपयोगिता उन्मुख आवश्यकताएँ
(4) सामूहिक आवश्यकताएँ

64. नरसिम्हन समिति संबंधित है –
(1) बैंकिंग संरचना सुधार
(2) उच्च शिक्षा सुधार
(3) नियोजन क्रियान्वयन सुधार
(4) कर संरचना सुधार

60. What was the main theme of twelfth five year plan of India ?
(1) Growth with justice and equality.
(2) More rapid and more inclusive growth
(3) Sustainable development.
(4) Rapid, more inclusive and sustainable growth.

61. Social justice is the balance between –
(1) Fundamental rights and judicial system
(2) Individual rights and social control
(3) Individual and family
(4) Society and individual

62. The Government of India announced a remedial and reform package (Atamnirbhar Bharat Abhiyan) comprising of stimulus package amounts to what percent of India's Gross Domestic Product ?
(1) 20 Percent
(2) 5 Percent
(3) 25 Percent
(4) 10 Percent

63. Public wants which are satisfied on the basis of consumer's choice are termed as :
(1) Social wants
(2) Merit wants
(3) Utility oriented wants
(4) Collective wants

64. Narsimhan Committee is related to –
(1) Banking Structure Reforms
(2) Higher Education Reforms
(3) Planning Implementation Reforms
(4) Tax Structure Reforms

65. निम्न में से कौन सा मानव विकास सूचकांक (HDI) का सूचक नहीं है ?

(1) जीवन प्रत्याशा

(2) जीवनस्तर

(3) पर्यावरण की स्थिति

(4) शिक्षा

66. मुख्यमंत्री राजश्री योजना के तहत बालिकाएँ जो राजस्थान राज्य से सम्बद्ध है और जिनका जन्म _____ की पहली तारीख या उसके बाद हुआ है, वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं।

(1) जुलाई, 2016

(2) मई, 2016

(3) अगस्त, 2016

(4) जून, 2016

67. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना – सूक्ष्म सिंचाई (PMKSYMI) के तहत किसानों की सभी श्रेणियों के लिए केन्द्र और राज्य की हिस्सेदारी का क्या अनुपात है ?

(1) 60 : 40

(2) 40 : 60

(3) 70 : 30

(4) 50 : 50

68. भारत सरकार की 'पहल' (PAHAL) योजना संबंधित है –

(1) बालिका शिक्षा संवर्धन

(2) विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण

(3) वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा सुविधाएँ सुनिश्चित करवाना

(4) उपभोक्ताओं के खाते में एल.पी.जी. अनुदान स्थानांतरण

65. Which of the following is not an indicator of Human Development Index (HDI) ?

(1) Life Expectancy

(2) Standard of Living

(3) Condition of Environment

(4) Education

66. Under the Scheme of Mukhya Mantri Rajshree Yojana, the girl child belonging to State of Rajasthan is eligible for financial assistance born on or after the first of :

(1) July, 2016

(2) May, 2016

(3) August, 2016

(4) June, 2016

67. What is the ratio of share of centre and state for all categories of farmers under Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana – Micro Irrigation (PMKSYMI) ?

(1) 60 : 40

(2) 40 : 60

(3) 70 : 30

(4) 50 : 50

68. Union Government's 'PAHAL' Scheme is related to :

(1) Promoting girls education.

(2) Toilets construction in schools.

(3) Ensuring health facilities to senior citizens.

(4) LPG subsidy transfer in consumer's account.

69. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान का न्यूनतम महिला साक्षरता दर वाला जिला है :
(1) बाड़मेर
(2) जालौर
(3) बाँसवाड़ा
(4) सिरोही

70. राजस्थान में नवजीवन योजना प्रारम्भ की गई है :
(1) राज्य सरकार के स्कूलों में विकलांग बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु
(2) अवैध शराब के निर्माण में शामिल व्यक्तियों, समुदायों हेतु
(3) कैदियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु
(4) नशे के आदियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु

71. लेखांकन में समाहित है :
a. आँकडों के संग्रहण की प्रणाली एवं उक्त प्रणाली द्वारा सूचनाओं का प्रेषण
b. लेन-देन पर नजर रखना
c. वित्तीय जानकारी देना
(1) a तथा c
(2) केवल a
(3) a, b तथा c
(4) a तथा b

72. राजस्थान सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 1.0 के अनुसार किस जिले ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये ?
(1) कोटा
(2) झुंझुनूं
(3) जयपुर
(4) उदयपुर

69. According to the census 2011, the district with lowest female literacy rate in Rajasthan is :
(1) Barmer
(2) Jalore
(3) Banswara
(4) Sirohi

70. In Rajasthan, Navjivan Yojana has been started for :
(1) Providing scholarship to specially abled students in state government schools.
(2) The persons, communities engaged in manufacturing of illegal liquor.
(3) Providing skill training to prisoners.
(4) Providing employment opportunities to drug addicts.

71. Accounting covers :
a. Data collection system and reporting of information from that system.
b. Transaction tracking.
c. Financial reporting
(1) a and c
(2) a only
(3) a, b and c
(4) a and b

72. As per the Rajasthan Sustainable Development Goals Index 1.0, which district scored highest marks ?
(1) Kota
(2) Jhunjhunu
(3) Jaipur
(4) Udaipur

73. पहाड़ पर चढ़ता हुआ व्यक्ति आगे की ओर क्यों झुक जाता है ?
(1) स्थायित्व बढ़ाने के लिए
(2) थकान के कारण
(3) धार्मिक मान्यताओं के कारण
(4) वेग अधिक करने के लिए

74. मानव शरीर में ग्लूकोज इस रूप में संगृहीत होता है :
(1) फ्रूक्टोज
(2) स्टार्च
(3) माल्टोज
(4) ग्लाइकोजन

75. मनुष्य के शरीर का कठोरतम पदार्थ है
(1) दाँत का इनेमल
(2) केराटिन
(3) अमीनो अम्ल
(4) हड्डी

76. थारपारकर किस पशु की नस्ल है ?
(1) बकरी
(2) गाय
(3) भेड़
(4) भैंस

77. निम्न में से किस समग्र को राष्ट्रीय आय कहा जाता है ?
(1) बाज़ार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद
(2) बाज़ार कीमत पर विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
(3) साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(4) साधन लागत पर विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

78. निम्न में से कौन सा राजकोषीय नीति का उपकरण नहीं है ?
(1) बैंक दर
(2) कर
(3) सार्वजनिक ऋण
(4) सरकारी व्यय

73. Why does a person climbing a mountain bends forward ?
(1) To increase stability
(2) Due to fatigue
(3) Due to religious beliefs
(4) To increase velocity

74. In human body Glucose is stored in the form of
(1) Fructose
(2) Starch
(3) Maltose
(4) Glycogen

75. It is the hardest substance in human body :
(1) Tooth Enamel
(2) Keratin
(3) Amino acid
(4) Bone

76. Tharparkar is the breed of which animal ?
(1) Goat
(2) Cow
(3) Sheep
(4) Buffalo

77. Which of the following aggregate is called National Income ?
(1) Gross Domestic Product at market price
(2) Net National Product at market price
(3) Gross National Product at factor cost
(4) Net National Product at factor cost

78. Which of the following is not an instrument of fiscal policy ?
(1) Bank Rate
(2) Tax
(3) Public Borrowings
(4) Government Expenditure

79. निम्न में से डेटा की सबसे छोटी संभव इकाई क्या है ?
(1) किलोबाइट
(2) बिट
(3) मेगाबाइट
(4) बाइट

80. कौन सा पानी में घुलनशील विटामिन है ?
(1) विटामिन D
(2) विटामिन A
(3) विटामिन E
(4) विटामिन B_1

81. निम्नलिखित में से कौन सी गैसें अम्लीय वर्षा के लिए मुख्यतः उत्तरदायी हैं ?
(1) सल्फर डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन सल्फाइड
(2) ऑक्सीजन और कार्बन मोनोक्साइड
(3) सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड
(4) सल्फर डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन

82. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, राजस्थान में किस स्थान पर स्थित है ?
(1) तबीजी, अजमेर
(2) अविकानगर, टोंक
(3) दुर्गापुरा, जयपुर
(4) जोरबीर, बीकानेर

83. निम्नलिखित में से कौन सी सब्जी मूल (जड़) नहीं है ?
(1) मूली
(2) आलू
(3) शलजम
(4) गाजर

79. Which of these is the smallest possible unit of data ?
(1) Kilobyte
(2) Bit
(3) Megabyte
(4) Byte

80. Which one is water soluble vitamin ?
(1) Vitamin D
(2) Vitamin A
(3) Vitamin E
(4) Vitamin B_1

81. Which of the following gases are main contributors to acid rain ?
(1) Sulphur dioxide and hydrogen sulphide
(2) Oxygen and carbon monoxide
(3) Sulphur dioxide and nitrous oxide
(4) Sulphur dioxide and oxygen

82. Central Sheep and Wool Research Institute located at which location in Rajasthan ?
(1) Tabiji, Ajmer
(2) Avikanagar, Tonk
(3) Durgapura, Jaipur
(4) Jorbeer, Bikaner

83. Which of the following vegetable is not a root ?
(1) Radish
(2) Potato
(3) Turnip
(4) Carrot

84. सीएसआईआर का केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) स्थित है
(1) अजमेर
(2) लखनऊ
(3) नई दिल्ली
(4) पिलानी

85. विद्युत प्रतिरोध की इकाई होती है
(1) कूलॉम्ब
(2) एम्पीयर
(3) ओम
(4) वोल्ट

86. निम्न में से कौन सा रसायन एलर्जी क्रिया के दौरान मुक्त होता है ?
(1) हिपेरिन
(2) हैप्टेन
(3) गंधक का अम्ल (H_2SO_4)
(4) हिस्टामिन

87. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना कब हुई ?
(1) 12 अगस्त, 1969
(2) 1 अगस्त, 1969
(3) 15 अगस्त, 1969
(4) 10 अगस्त, 1966

88. शब्द 'नैनो-टेक्नोलॉजी' का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?
(1) योशिनोरी ओहसुमी
(2) नोरिओ तानिगुची
(3) हिरोशी किमुरा
(4) शिनया यामानाका

84. Central Electronics Engineering Research Institute (CEERI) of CSIR is located at –
(1) Ajmer
(2) Lucknow
(3) New Delhi
(4) Pilani

85. The unit of electrical resistance is –
(1) coulomb
(2) ampere
(3) ohm
(4) volt

86. Which of the following chemical is released during allergic reactions ?
(1) Heparin
(2) Hapten
(3) Sulphuric acid (H_2SO_4)
(4) Histamine

87. When was Indian Space Research Organisation (ISRO) established ?
(1) 12th August, 1969
(2) 1st August, 1969
(3) 15th August, 1969
(4) 10th August, 1966

88. The term 'Nano-technology was first used by –
(1) Yoshinori Ohsumi
(2) Norio Taniguichi
(3) Hiroshi Kimura
(4) Shinya Yamanaka

89. **अभिकथन (A) :** पत्तियों का रंग हरा है।
कारण (R) : क्लोरोफिल, पत्तों में मौजूद एक हरा वर्णक है।
सही विकल्प चुनें :
(1) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(3) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
(4) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

90. फुकुशिमा दायची (जापान) न्यूक्लियर त्रासदी में प्राथमिक रूप से निकलने वाले रेडियोएक्टिव न्यूक्लीयाइड्स थे –
(1) आयोडीन-131 एवं क्लोरीन
(2) फ्लुओरीन एवं कैल्सियम
(3) आयोडीन-131 एवं सीज़ियम-137
(4) ऑक्सीजन 18 एवं बेरियम

91. **कथन :** "इलाके में बाढ़ से प्रभावित बहुत से लोग राहत शिविर में भोजन, पानी और आश्रय के लिए इकट्ठे हो गये।"
अवधारणाएँ :
I. बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन और पानी उपलब्ध कराने हेतु राहत शिविर में पर्याप्त सामग्री है।
II. वो लोग जिनके घर पानी में पूर्णरूप से डूबे हैं उनको राहत शिविरों में अस्थायी आश्रय दिया जायेगा।
III. अभी बाढ़ से प्रभावित बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो राहत शिविरों में नहीं पहुँच सके।
तब कौन सा/कौन सी अवधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं ?
(1) केवल I और III अन्तर्निहित हैं।
(2) सभी अन्तर्निहित हैं।
(3) कोई भी अन्तर्निहित नहीं है।
(4) केवल I और II अन्तर्निहित हैं।

89. **Assertion (A) :** Leaves are green in colour.
Cause (R) : Chlorophyll, a green pigment present in the leaves.
Choose the correct option :
(1) (A) is correct but (R) is incorrect.
(2) Both (A) and (R) correct and (R) is the correct explanation of (A).
(3) (A) is incorrect but (R) is correct.
(4) Both (A) and (R) correct and (R) is not the correct explanation of (A).

90. The primary radioactive nuclides released in the Fukushima Daiichi (Japan) nuclear disaster, were –
(1) Iodine – 131 & Chlorine
(2) Fluorine & Calcium
(3) Iodine – 131 & Cesium – 137
(4) Oxygen 18 & Barium

91. **Statement :** "Many people, affected by flood in the area, were assembled for food, water and shelter in the relief camp."
Assumptions :
I. There is sufficient material in relief camp to provide food and water for flood affected people.
II. The people whose houses are completely drowned in water will be provided temporary shelter.
III. There are many more flood affected people who are unable to reach in the relief camp.
Then, which assumption(s) is/are implied by the statement ?
(1) Only I and III imply
(2) All implies
(3) None imply
(4) Only I and II imply

92. एक निश्चित कूट भाषा में
134 का अर्थ है 'अच्छी और स्वादिष्ट'
478 का अर्थ है 'अच्छी तसवीरें देखें'
729 का अर्थ है 'तसवीरें फीकी हैं'
निम्नलिखित में से कौन सा अंक 'देखें' के लिए है ?
(1) 1
(2) 9
(3) 8
(4) 2

93. एक परिवार के छः सदस्य A, B, C, D, E और F एक साथ यात्रा कर रहे हैं। 'B', 'C' का पुत्र है लेकिन 'C', 'B' की माता नहीं है। 'A' और 'C' विवाहित दम्पत्ति हैं। 'E', 'C' का भाई है। 'D', 'A' की पुत्री है। 'F', 'B' का भाई है, तो परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं ?
(1) 4
(2) 3
(3) 5
(4) 2

94. दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(1) 18
(2) 15
(3) 16
(4) 30

95. दी गई संख्या श्रेणी में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या को बताएँ :
12, 6, 18, 9, 26, 13, 36, 18, ?
(1) 46
(2) 48
(3) 60
(4) 21

92. In a certain code language
134 means 'good and tasty'
478 means 'see good pictures'
729 means 'pictures are faint'
Which of the following digits stands for 'see' ?
(1) 1
(2) 9
(3) 8
(4) 2

93. Six members A, B, C, D, E and F of a family are travelling together, 'B' is son of 'C' but 'C' is not the mother of 'B'. 'A' and 'C' is a married couple. 'E' is brother of 'C'. 'D' is daughter of 'A'. 'F' is brother of 'B'. So how many male members are there in the family ?
(1) 4
(2) 3
(3) 5
(4) 2

94. How many triangles are in the given shape ?



(1) 18
(2) 15
(3) 16
(4) 30

95. The number in place of the question mark (?) in the given number series, is :
12, 6, 18, 9, 26, 13, 36, 18, ?
(1) 46
(2) 48
(3) 60
(4) 21

96. राजस्थान के एक शहर की जनसंख्या 3,00,000 है । इसमें से 1,80,000 पुरुष हैं व कुल जनसंख्या का 50% शिक्षित हैं । यदि 70% पुरुष शिक्षित हों, तो अशिक्षित महिलाओं की संख्या है :

(1) 96,000
(2) 93,000
(3) 97,000
(4) 94,000

97. किसी धन पर एक निश्चित ब्याज दर पर, दो वर्ष का साधारण ब्याज ₹ 120 और चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 129 है, तो ब्याज दर होगी :

(1) 9%
(2) 15%
(3) 51%
(4) 12½%

98. तियान्गोंग है –

(1) मंगल पर उतरने का चीन का अभियान
(2) चीन का नव प्रक्षेपित अन्तराग्रहीय अभियान
(3) चंद्रमा पर उतरने का चीन का अभियान
(4) चीन का अंतरिक्ष स्टेशन

99. $\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{5}\right)\ldots\ldots\left(1-\frac{1}{n}\right)$ बराबर है :

(1) $\frac{n}{2}$ (2) $\frac{1}{n}$
(3) $\frac{4}{n}$ (4) $\frac{2}{n}$

100. दो व्यक्तियों A तथा B की आय का अनुपात 8 : 5 तथा उनके व्यय का अनुपात 5 : 3 है । यदि A तथा B की बचत क्रमशः ₹ 2,400 तथा ₹ 2,000 हैं, तो A की आय (रुपयों में) है :

(1) 23,400
(2) 21,400
(3) 24,400
(4) 22,400

96. A city of Rajasthan has population 3,00,000. Out of which 1,80,000 are male and 50% of the total population is literate. If 70% of the male are literate, then the number of illiterate female is :

(1) 96,000 (2) 93,000
(3) 97,000 (4) 94,000

97. At a fixed rate of interest on any wealth, the simple interest of two years is ₹ 120 and compound interest is ₹ 129, then the interest rate will be –

(1) 9% (2) 15%
(3) 51% (4) 12½%

98. Tiangong is :

(1) Chinese Mission for Mars Landing
(2) Newly launched Chinese Interplanetary Mission
(3) Chinese Mission for Moon Landing
(4) Chinese Space Station

99. The value of $\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{5}\right)\ldots\ldots\left(1-\frac{1}{n}\right)$ is equal to :

(1) $\frac{n}{2}$ (2) $\frac{1}{n}$
(3) $\frac{4}{n}$ (4) $\frac{2}{n}$

100. The ratio of income of two persons A and B is 8 : 5 and ratio of their expenditure is 5 : 3. If the savings of A and B are ₹ 2,400 and ₹ 2,000 respectively, then income of A (in rupees) is :

(1) 23,400
(2) 21,400
(3) 24,400
(4) 22,400